छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये स्मार्ट फोन

स्मार्ट फोन दिखाते छात्र-छात्रायें।

कानपुर, 20 मार्च। उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से संचालित स्वामी विवेकानंद स्मार्टफोन टैबलेट योजना के अंतर्गत स्कूल ऑफ़ लाइफ साइंस एंड बायोटेक्नोलॉजी सीएसजेएमयू के ऑडिटोरियम में छात्र- छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गए। छात्रों को मोबाइल मिलने से उनके चेहरे खिल उठे। युवा शक्ति के लिए यह प्रयास अत्यंत ही प्रशंसनीय है। उत्तरप्रदेश सरकार की योजना छात्रों की प्रगति के लिए बहुत ही उपयोगी है। उत्तरप्रदेश सरकार के इस प्रयास से छात्रों को ऑनलाइन क्लास पढ़ने में तथा ऑनलाइन कंटेंट लिखने एवं सीखने में अत्यंत सहायता प्राप्त होगी। मुख्य अतिथि प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, प्रो नंदलाल, प्रो नीरज कुमार सिंह निदेशक प्रो वर्षा गुप्ता, सहायक निदेशक डॉ आलोक पांडे, नोडल अधिकारी डॉ अखिलेद्र भारती आदि मौजूद रहे।

स्मार्टफोन पाकर खिले चेहरे

KANPUR : सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एंड बायोटेक्नोलॉजी में वेडनसडे को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद स्मार्टफोन टैबलेट योजना के अंतर्गत स्टूडेंट्स को स्मार्टफोन वितरित किये गए. स्मार्टफोन पाकर स्टूडेंट्स काफी खुश नजर आए. जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि यह स्मार्टफोन स्टूडेंट्स को ऑनलाइन क्लास लेने और कंटेंट खोजने में हेल्पफुल होंगे. इस मौके पर प्रोवीसी प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, प्रो नंदलाल, प्रो नीरज कुमार सिंह, प्रोफेसर वर्षा गुप्ता और डॉ आलोक पांडेय आदि मौजूद रहे.